नीलगाय की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

करछना के पचदेवरा पुलिया के पास हुआ था हादसा

पचदेवरा (प्रयागराज)। करछना थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर नीलगाय की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग की शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के भरहा गांव निवासी ७२ वर्षीय रामचंद्र शर्मा पुत्र स्वर्गीय ढकेलु बीते ९ अक्तूबर को सुबह करीब १० बजे पचदेवरा गांव निवासी अशोक शुक्ला के साथ बाइक से मनैया घाट जा रहे थे। वे पितृपक्ष के अवसर पर पिंडदान कराने के सिलसिले में निकले थे। बाइक अशोक शुक्ला चला रहे थे। जैसे ही वे प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे स्थित पचदेवरा-बेंदौ पुलिया के समीप पहुंचे, तभी अचानक सड़क पर सामने से एक नीलगाय दौड़ती हुई आ गयी। तेज रफ्तार बाइक नीलगाय से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में रामचंद्र शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक चला रहे अशोक शुक्ला को भी चोटें आईं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से परिजन घायल रामचंद्र को तत्काल प्रयागराज स्थित स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले गए, जहां उनका गहन उपचार चल रहा था। शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक पचदेवरा चौराहे पर सैलून चलाकर (दाढ़ी-बाल बनाकर) अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे अपने पीछे पत्नी सीता और पांच बेटों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। बुजुर्ग की असमय मौत से पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र की सूचना पर करछना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विधिक काररवाई में जुटी है।

मां दुर्गा के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़, भक्तिमय हुआ मऊआइमा

मऊआइमा (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना को लेकर मऊआइमा क्षेत्र में उत्साह चरम पर है। क्षेत्र में करीब ८५ स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गये हैं। पूजा पण्डालों में दर्शन-पूजन के लिए सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, नगर पंचायत क्षेत्र में भी १० स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गये हैं। गंजियाबाजार स्थित बर्तन वाली गली और हनुमानगढ़ी में नवयुवक दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से स्थापित प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से पूजा पण्डाल जगमगा रहे हैं। मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। पण्डालों की सजावट से लेकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं तक का ध्यान रखा जा रहा है। आयोजन में विंदेश्वरी केसरवानी, शक्ति खत्री, सनी खत्री, सभासद रवि साहू, प्रदीप केसरवानी, निवेश साहू, पवन केसरवानी, विनोद देववंशी, अजय साहू, रामजी सोनी, गिरजा शंकर पांडेय, राजेश भोजवाल, संजय साहू और कुबेर केसरवानी सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

८५ स्थानों पर स्थापित हुईं प्रतिमाएं, आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी रही आकर्षण का केंद्र



मऊआइमा में भगवान श्रीराम की निकाली गयी भव्य बारात।

मऊआइमा में धूमधाम से निकली भगवान श्रीराम की बारात

जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा कस्बा, जगह-जगह आरती उतारकर श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना

मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत मऊआइमा के सदर बाजार से गुरुवार देर रात भगवान श्रीराम की भव्य बारात धूमधाम से निकाली गयी। गाजे-बाजे के साथ निकली बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा कस्बा भक्तिमय हो उठा। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की आरती उतारकर सुख-समृद्धि की कामना की।

श्रीरामलीला समिति के अध्यक्ष सचिन साहू की अध्यक्षता में निकली बारात महामंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद, संरक्षक निमिष खत्री और संयोजक शनि खत्री सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में सदर बाजार से रवाना हुई। बारात चुनौटा कुआं चौराहे से होते हुए गंजिया बाजार पहुंची। इसके बाद रामलीला मैदान स्थित रामबाग में बारात का समापन हुआ। बारात के दौरान पूरे रास्ते श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। भगवान श्रीराम के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंजता रहा। आयोजनको लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। इस मौके पर अनिल कुशवाहा, दिलीप केशरवानी, अशर्फीलाल सोनी, विनोद मोदनवाल, अशोक साहू, दीपचंद केशरवानी, राकेश केशरवानी, रवि साहू और अमन साहू सहित बड़ी संख्यामें श्रद्धालु मौजूद रहे।

भीटा पहाड़ी के पास चार दिन से लावारिस खड़ा ई-रिक्शा, ग्रामीणों में बढ़ी चिंता

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर थाना क्षेत्र के भीटा पहाड़ी के पास न्याय पंचायत मनकवार के समीप नीले रंग का एक ई-रिक्शा पिछले चार दिनों से लावारिस हालत में खड़ा है। सुनसान स्थान पर कई दिनों से वाहन खड़े रहने से ग्रामीणों में अनहोनी की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने ११२ पर सूचना देने के बावजूद ठोस काररवाई न होने पर नाराजगी जतायी है।

ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम सभा देवरिया स्थित भीटा पहाड़ी सुजावन देव धाम मार्ग पर पड़ती है। इसी मार्ग पर न्याय पंचायत मनकवार के पास ई-रिक्शा खड़ा देखा गया है। चार दिन बीतने के बाद भी न तो कोई उसे लेने पहुंचा और न ही उसका चालक दिखायी दिया। इससे वाहन को लेकर संदेह बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इसकी सूचना ११२ पीआरवी को दी थी। सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की, लेकिन इसके बाद भी ई-रिक्शा वहीं खड़ा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अब तक वाहन के नंबर प्लेट और चेचिस नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने की काररवाई दिखायी नहीं दी है। लोगों को आशंका है कि ई-रिक्शा चोरी का हो सकता है या किसी घटना के बाद यहां छोड़ दिया गया हो। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने घूरपुर पुलिस से ई-रिक्शा की जांच कर उसके मालिक का पता लगाने और आवश्यक काररवाई करने की मांग की है।

११२ पर सूचना देने के बाद भी काररवाई न होने का आरोप, वाहन मालिक का पता लगाने की मांग

ग्राम प्रधान पर लाखों रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप

मऊआइमा ग्रामसभा में विकास कार्यों की जांच करने पहुंची कृषि रक्षा अधिकारी की टीम

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा ग्रामसभा में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की जांच करने मंगलवार को जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा. मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम पहुंची। ग्राम प्रधान और तत्कालीन सचिवों पर लगाये गये आरोपों की जांच के लिए टीम को १९ बिंदुओं पर निरीक्षण करना था, लेकिन शिकायतकर्ता के मुताबिक, केवल ३ बिंदुओं का ही स्थलीय निरीक्षण किया जा सका। जांच के दौरान गांव में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। शिकायतकर्ता ने जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी से दोबारा शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्रामसभा मऊआइमा के मातापुर निवासी विजय कुमार ने ५ जून २०२६ को आईजीआरएस के माध्यम से जिलाधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत में वर्ष २०२१ और २०२२ के दौरान खड़ंजा, नाली, सड़क निर्माण, हैंडपंप रिबोर, शौचालय निर्माण और मनरेगा सहित १९ बिंदुओं पर कथित अनियमितताओं के आरोप लगाये गये थे। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा. मुकेश कुमार को अभिलेखों के साथ स्थलीय जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था।

शिकायतकर्ता विजय कुमार का आरोप है कि जांच के दौरान ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों की मौजूदगी से निष्पक्षता प्रभावित हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जांच की सूचना मिलने के बाद कुछ कार्य जल्दबाजी में कराये गये, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को दोबारा पत्र देकर विकास कार्यों में खर्च की गयी धनराशि, निर्माण कार्यों की लंबाई-चौड़ाई और संबंधित अभिलेखों का सत्यापन कराने की मांग की है।जांच टीम के प्रभारी डा. मुकेश कुमार ने बताया कि मामला विस्तृत है और जांच कई चरणों में पूरी की जाएगी। शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं होते हैं तो किसी अन्य अधिकारी से भी जांच करायी जा सकती है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी। वहीं, ग्राम प्रधान ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि गांव में कराये जा रहे विकास कार्यों को देखकर विरोधी शिकायतें कर रहे हैं। मामले में जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



कांग्रेस ने चौपाल में ग्रामीणों को बतायी वोट की ताकत

मऊआइमा (प्रयागराज)। क्षेत्र के छीतेमऊ गांव में कांग्रेस चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष ने लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता का वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। यदि वोट की ताकत कमजोर हुई तो जनता की आवाज भी कमजोर हो जाएगी। इसलिए वोट बचाओ, संविधान बचाओ और देश का लोकतंत्र बचाओ का संकल्प लेना होगा।

उन्होंने ग्रामीणों से अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। चौपाल के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान की रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान मो. शमीम ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला महासचिव शमशुल कमर ने की। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष मो. फारूक, जितेंद्र कुमार, ओम प्रकाश पासी, डा. अमर सिंह पटेल, अंसार अली सोनू, दिलीप श्रीवास्तव, रमेश मौर्य और पूर्व प्रधान राजेंद्र पटेल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

मऊ (चित्रकूट)। श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीधाम वृंदावन से पधारीं कथावाचिका खुशबू त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी बाल लीलाओं तक के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और पूरा पंडाल 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा।कथा परीक्षित श्रीमती मिथिलेश त्रिपाठी, स्वर्गीय श्री गुलाबराय त्रिपाठी की पत्नी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। कथावाचिका ने कहा कि जब धरती पर पाप, अत्याचार और अधर्म बढ़ने लगा, तब भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण अवतार लिया।उन्होंने बताया कि मथुरा के कारागार में जन्म लेने के बाद वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण को गोकुल में नंद बाबा और माता यशोदा के यहां सुरक्षित पहुंचा आए। भगवान के जन्म का प्रसंग सुनते ही श्रद्धालु भावविभोर हो गये। इसके बाद नंदोत्सव का प्रसंग सुनाया गया और भगवान के जन्म की खुशी में गोकुल तथा ब्रज में उत्सव मनाए जाने का वर्णन किया गया।

कथावाचिका ने कंस द्वारा भेजी गयी राक्षसी पूतना के वध और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भी वर्णन किया। उन्होंने मिट्टी खाने की लीला और माता यशोदा को भगवान के मुख में संपूर्ण ब्रह्मांड के दर्शन होने का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा में राजा बलि और भगवान वामन के प्रसंग का भी वर्णन किया गया। कथावाचिका ने बताया कि भगवान वामन ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और तीन पग में तीनों लोक नाप लिए। इन प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, धर्म और भगवान की महिमा का संदेश दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भक्तिमय वातावरण में कथा का आनंद लिया।



आदिवासी बस्ती की कच्ची सड़क पर बिछा खड़ंजा, ग्रामीणों को मिली राहत

८०० मीटर रास्ते को पत्थर और मोरंग डालकर बनाया गया गमनागमन के योग्य, अब एंबुलेंस पहुंचने का रास्ता साफ

खीरी (प्रयागराज)। विकासखंड मेजा की ग्राम पंचायत सुजनी समोधा स्थित आदिवासी बस्ती के ग्रामीणों को कच्ची सड़क की समस्या से राहत मिल गयी है। बारिश के दिनों में करीब ८०० मीटर लंबा कच्चा रास्ता ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना रहता था। इस समस्या को आज हिंदी दैनिक समाचार पत्र में लगातार प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा था। खबर का संज्ञान लेते हुए बीते अगस्त में सड़क पर खड़ंजा पत्थर और मोरंग डालकर उसे गमनागमन के योग्य बनाया गया। ग्राम पंचायत प्रशासक अजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई थी और समाचार पत्र में भी कई बार प्रमुखता से प्रकाशित हुई। ग्राम पंचायत स्तर से ३६० मीटर सड़क के लिए बजट आया था, लेकिन बस्ती के लोगों की परेशानी को देखते हुए पूरे ८०० मीटर रास्ते पर खड़ंजा पत्थर और मोरंग डलवाई गयी। इससे अब बस्ती में चारपहिया वाहन और एंबुलेंस भी पहुंच सकते हैं। सड़क दुरुस्त होने से ग्रामीणों ने राहत महसूस की है। प्रशासक ने बताया कि ग्राम पंचायत के अन्य क्षेत्रों में भी कच्ची सड़कों की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है।



सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, लेखपाल ने रुकवाया निर्माण कार्य

सोरांव (प्रयागराज)। तहसील क्षेत्र के प्रसादपुर गांव में सरकारी नाली की जमीन पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या ११८ नाली के रूप में दर्ज है। आरोप है कि गांव के नागेंद्र सिंह पटेल इस जमीन पर पक्का पिलर बनवा रहे हैं। इससे किसानों में नाराजगी है।

शिकायत मिलने पर पीआरवी पुलिस और क्षेत्रीय लेखपाल विवेक सिंह मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवा दिया। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि रोक के बावजूद संबंधित पक्ष बार-बार निर्माण कार्य शुरू कर देता है। इससे सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है। लेखपाल विवेक सिंह ने सोरांव पुलिस को भेजी गये रिपोर्ट में संबंधित पक्ष की ओर से अवैध कब्जा किये जाने का उल्लेख किया है। ग्रामीणों का कहना है कि काररवाई के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने राजस्व अभिलेखों के आधार पर नाली की जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। उनका कहना है कि नाली की जमीन सुरक्षित रहने से किसानों को परेशानी नहीं होगी और सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण भी रोका जा सकेगा।

गाटा संख्या ११८ की जमीन पर कब्जे की शिकायत, दोबारा निर्माण शुरू करने का भी आरोप

लंच के बाद बिगड़ी नौ छात्राओं की तबीयत, एक के बाद एक हुईं अचेत

जनता इंटर कालेज में मचा हड़कंप, छात्राओं के अचेत होने का कारण स्पष्ट नहीं

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के इमामगंज पुलिस चौकी अंतर्गत जनता इंटर कालेज इमामगंज में शुक्रवार को लंच के बाद नौ छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गयी। एक के बाद एक छात्राओं के अचेत होने से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। घटना की जानकारी मिलते ही अभिभावक विद्यालय पहुंच गये और छात्राओं को उपचार के लिए अस्पताल ले गये।

बताया गया कि दोपहर करीब १२:३० बजे लंच के बाद छात्राएं अपनी-अपनी कक्षाओं में पहुंची थीं। इसी दौरान कक्षा १० की एक छात्रा अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ी।

कुछ ही देर बाद अन्य छात्राओं की भी तबीयत बिगड़ने लगी और वे बारी-बारी से अचेत हो गईं। एक साथ कई छात्राओं की हालत बिगड़ने की सूचना से विद्यालय में हड़कंप मच गया।

घटना की जानकारी मिलने पर अभिभावक विद्यालय पहुंचने लगे। कई अभिभावक अपनी बेटियों को उपचार के लिए अस्पताल ले गये। वहीं, विद्यालय प्रशासन ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद सागरवाल ने बताया कि कक्षा १० की कुल नौ छात्राएं अचेत हुई थीं। हालांकि, छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

सूचना पर तहसीलदार हंडिया विजय कुमार और थाना प्रभारी ओम प्रकाश पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने घटना की जानकारी लेते हुए जांच शुरू कर दी। छात्राओं के अचेत होने की वजह चिकित्सकीय परीक्षण और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। घटना को लेकर छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और क्षेत्रीय लोगों में चिंता बनी हुई है।



यम द्वितीया मेलेसे पहले सुजावन देव धाममें सफाई अभियान तेज

घूरपुर (प्रयागराज)। देवरिया ग्रामसभा के भीटा स्थित यमुना तट पर ऐतिहासिक सुजावन देव मंदिर में भाई दूज और यम द्वितीया मेले की तैयारियां तेज हो गयी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के पुजारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी ने सफाई अभियान शुरू कराया है।

इसके तहत मंदिर परिसर, मुख्य घाट और यमुना तट के आसपास जमा मिट्टी, सिल्ट और मलबा हटाया जा रहा है। भाई दूज पर लगने वाले मेले में प्रयागराज के अलावा कौशांबी, भदोही और चित्रकूट सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। कार्तिक मास में यमुना स्नान और सुजावन देव के दर्शन-पूजन के लिए भी यहां श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है।

बारिश के दौरान यमुना का जलस्तर बढ़ने से घाटों के आसपास मिट्टी और मलबा जमा हो जाता है। इससे कीचड़ और फिसलन की समस्या पैदा होती है, जिससे बुजुर्गों और महिलाओं को स्नान के लिए घाट तक पहुंचने में परेशानी होती है। इसी को देखते हुए मेले से पहले सफाई कराई जा रही है। पुजारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी ने बताया कि प्रयास है कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान और दर्शन-पूजन के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की है।

छठे दिन मां स्कंदमाता की हुई आराधना, देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मंगलगीतोंसे गुंजायमान हुआ करछना क्षेत्र

करछना (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र के छठवें दिन शुक्रवार को करछना क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल चरम पर रहा। पूजा पंडालों और देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने मां दुर्गा के ममतामयी छठे स्वरूप मां स्कंदमाता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना व महाआरती कर सुख-समृद्धि की कामना की।

शाम ढलते ही आकर्षक विद्युत झालरों व लाइटों से जगमगाते पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, देवी जागरण और महिलाओं के पारंपरिक मंगलगीतों का दौर शुरू हुआ, जिससे समूचा वातावरण भक्ति रस में डूब गया।

क्षेत्र के करछना शिवमंदिर तिराहा, चनैनी, मुंगारी, बरदहा, भड़ेवरा, पचदेवरा, कौवा, भीरपुर, डीहा, घटवा, सोनाई, बेदौं, रोकड़ी, धरवारा, अरई, भस्मा सहित दर्जनों गांवों में स्थापित पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ रही। वहीं प्रमुख धार्मिक स्थलों-काली शक्ति पीठ, शीतला धाम करछना, बौलिया देवी धाम भुंड़ा, संजई मंशा देवी धाम, रामगढ़ शीतला धाम, काली धाम भड़ेवरा, मां विंध्यवासिनी धाम (चक मिश्रान, घटवा) और घोरहट स्थित जरियन देवी मंदिर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालु शीश नवाकर मां की आराधना में लीन नजर आए।

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

मऊ (चित्रकूट)। लालता रोड पर शुक्रवार शाम करीब ५ बजे रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। हादसे के बाद मौके पर पहुंची मऊ थाना पुलिस घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार, कोपा मटियारा गांव निवासी राजेंद्र निषाद के २५ वर्षीय पुत्र संतोष शुक्रवार को बाइक से किसी व्यक्ति को लेकर मानिकपुर जा रहे थे। इसी दौरान कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही रोडवेज बस से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गयी। हादसे में संतोष गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर मऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल संतोष को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गयी। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद रोडवेज बस का चालक और अन्य कर्मचारी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नवरात्र में महंगाई की मार, फल और पूजा सामग्री के दाम बढ़े

त्योहारपर बढ़ी मांगसे फलों के भाव में १० से ३० फीसदी तक उछाल

मऊआइमा (प्रयागराज)। नवरात्र पर्व शुरू होते ही फल और पूजा सामग्री के दामों में बढ़ोतरी होने लगी है। व्रत और पूजन की तैयारियों में जुटे श्रद्धालुओं को अब खरीदारी के लिए अधिक खर्च करना पड़ रहा है। सेब, केला, अनार, संतरा और मौसंबी सहित कई फलों के दाम बढ़ गये हैं।

स्थानीय दुकानदार शिवबाबू केसरवानी, बच्चा लाल साहू, उमेश चंद्र और पुतान महाजन के मुताबिक, त्योहार के दौरान मांग बढ़ने से फलों की कीमतों में उछाल आया है। सात दिन पहले की तुलना में कई फलों के दाम १० से ३० फीसदी तक बढ़े हैं। सात दिन में ऐसे बढ़े फलों का दाम, सेब १०० रुपये से १३० प्रति रुपये किलो, केला ५० रुपये ६० रुपये दर्जन, अनार १२० रुपये १३० रुपये प्रति किलो, संतरा ६० रुपये से ७० रुपये प्रति किलो, अनानास ५० रुपये ६० रुपये प्रति किलो, ,पपीता ६० रुपये ७० रुपये प्रति, मौसंबी ४० रुपये ५० रुपये प्रति किलो, नवरात्र में चुनरी, रोली, कलावा, फूल-माला, नारियल और कपूर सहित पूजा सामग्री की मांग भी बढ़ गयी है। व्रत में इस्तेमाल होने वाले कद्दू, सिंघाड़े का आटा, मखाना और साबूदाना की खरीदारी भी तेज है। फलाहार के साथ फलों के जूस की मांग में भी वृद्धि हुई है। बढ़ती कीमतों से श्रद्धालुओं के बजट पर असर पड़ रहा है।



वाहन की टक्कर से रामलीला समिति के अध्यक्ष घायल

मऊ (चित्रकूट)। झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार दोपहर कटिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से श्री अनुज्ञानी रामलीला समिति मऊ के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश शुक्ला उर्फ कैरा महाराज गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया। बताया गया कि सूर्यप्रकाश शुक्ला शुक्रवार दोपहर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान प्रयागराज की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने कटिया के पास उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ ले गये। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत को देखते हुए प्रयागराज भेज दिया।

अंतर महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिता में उपरदहा डिग्री कालेज के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

हंडिया (प्रयागराज)। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताओं में डिग्री कालेज उपरदहा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह से महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। अब तक महाविद्यालय के करीब १५० महिला एवं पुरुष खिलाड़ी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर चुके हैं। चयनित खिलाड़ी आगामी अंतर विश्वविद्यालयीय एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने वालीबाल, शतरंज, बाक्सिंग, टेनिस, बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग, क्रास कंट्री, हाकी, बास्केटबाल, आर्म रेसलिंग, पेनचक सिलाट, वूशु, फुटबाल, क्रिकेट, तलवारबाजी, जूडो, ताइक्वांडो, कबड्डी और कराटे सहित कई खेलों में भागीदारी की है। महाविद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार सिंह (अशोक) ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को खेल के मैदान में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते देख गर्व की अनुभूति होती है। खेल केवल हार-जीत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं। खेलों से शारीरिक क्षमता के साथ अनुशासन, चरित्र, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रोत्साहन दिया जा रहा है। खिलाड़ियों की बढ़ती भागीदारी में क्रीड़ा सचिव आनंद कुमार यादव सहित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। महाविद्यालय के संरक्षक डा. घनश्याम सिंह, निदेशक विवेक कुमार सिंह, प्राचार्य डा. धीरज सिंह एवं डा. सुमित सिंह ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डा. सतीश कुमार सिंह, डा. अनिल पांडेय, डा. जितेंद्र यादव, डा. आदित्य प्रकाश पांडेय, डा. उमेश राज, रमाशंकर यादव, डा. सुमित श्रीवास्तव, डा. नीतू सिंह, डा. राजीव त्रिपाठी, डा. पूजा सिंह, डा. प्रियंका श्रीवास्तव, चंद्रजीत यादव, दीपक कुमार, आदर्श मिश्रा, गुलाब पाल, जयप्रकाश, शिवकुमार पाल, मनोज श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, जयकुमार बिंद, दिवाकर, सूबेदार बिंद एवं प्रेमचंद



ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५३)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४
E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।